# मुख्यमंत्री ने खटीमा में विभिन्न बूथों का जाकर मतदान का लिया जायजा

**उत्साहवर्धन**

**8 मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामीने कार्यकताओं से भी मुलाकात की और उनका उत्साहवर्धन किया।**

**देहरादून/खटीमा/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को लोकतंत्र के महापर्व के दौरान खटीमा में विभिन्न बूथों पर जाकर वहां पर मतदान का जायजा लिया।
इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामीने कार्यकताओं से भी मुलाकात की और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खटीमा के साथ ही पूरे प्रदेश में मतदान को लेकर लोगों के बीच जबरदस्त उत्साह है। निश्चित तौर पर देश में एक सक्षम व सशक्त सरकार बनने जा रही है।





# मुख्यमंत्री धामी ने मतदान कर पहले मतदान, फिर जलपान का दिया संदेश

**मतदाता**

**8 धामी ने मतदान केन्द्र पर परिवारजनों के साथ कतार में लगकर आमजन की तरह मतदान किया।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा स्थित नगरा तराई मतदान केन्द्र पर परिवारजनों के साथ कतार में लगकर आमजन की तरह मतदान किया। मुख्यमंत्री ने पहले मतदान, फिर जलपान का संदेश किया।
मुख्यमंत्री शुक्रवार सुबह खटीमा स्थित नगरा तराई मतदान केंद्र पर पहुंचे और एक सामान्य मतदाता की तरह कतार में लगकर वोट डाला। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आइए अपने मताधिकार का सदुपयोग कर सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए एक सक्षम सरकार चुनते। उन्होंने विशेषकर पहली बार वोट डाल रहे युवाओं से अनुरोध किया कि अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर देश के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में अपना योगदान दें। मुख्यमंत्री ने मतदान करने के पश्चात जलेबी खाकर "पहले मतदान, फिर जलपान" का संदेश दिया।
मुख्यमंत्री ने लोकतंत्र के महापर्व में अपना मतदान करने से पहले खटीमा में मां भगवती आदिशक्ति की पूजा-अर्चना कर समस्त प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की।



## स्वच्छ और स्वस्थ समाज' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
हरिद्वार स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से अनुभूति धाम में 'आध्यात्मिक सशक्तिकरण द्वारा स्वच्छ और स्वस्थ समाज' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज से विभिन्न वर्गों से जुड़े लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में शामिल महामंडलेश्वर स्वामी देवानंद सरस्वती ने कहा कि आज पूरे विश्व में ब्रह्माकुमारी संस्था सनातन संस्कृति को उठाने, मानवता को और सुदृढ़ करने के लिए निरंतर आगे बढ़ रही है।
मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी जयंती दीदी ने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ समाज के निर्माण में भाइयों और बहनों दोनों का साथ जरूरी है।

# 12 मतदान केंद्रों पर चुनाव का बहिष्कार, समझाने पर भी नहीं माने लोग

**वोटिंग**

**8 चकराता में आठ, चमोली में दो, पौड़ी में दो, पिथौरागढ़ में तीन मतदान केंद्रों पर लोगों ने बहिष्कार किया**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के तीन बजे तक 45.62% वोटिंग हुई। कुछ जगहों पर मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला। कुछ बूथों पर छह तो कहीं 11 लोगों ने ही मतदान किया। चकराता में आठ, चमोली में दो, पौड़ी में दो, पिथौरागढ़ में तीन मतदान केंद्रों पर लोगों ने चुनाव का बहिष्कार किया।



अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी जोगदंडे ने बताया कि सभी स्थानों पर लोगों को समझाने का प्रयास किया गया। उत्तरकाशी के सेकू गांव में 11 मत पड़े। इसमें सभी कर्मचारी शामिल हैं, गांव के किसी व्यक्ति ने मतदान नहीं किया। लोगों के सड़क सहित तमाम मुद्दे हैं, जिसके चलते उन्होंने अपनी नाराजगी जताई है। उत्तराखंड में कई बूथों पर सन्नाटा पसरा है। राजधानी देहरादून के छावनी उच्च प्राथमिक विद्यालय क्लेमेनटाउन में मतदाता नहीं पहुंच रहे हैं। मसूरी एमजीवीएस हाईस्कूल कफलानी के पोलिंग बूथ 91 में सुबह से छह वोट पड़े। आसपास के ग्रामीणों ने चुनाव का बहिष्कार किया है। पुलिस,प्रशासन लोगों को समझाने में जुटी है, लेकिन मोटीधार,मसराना,बीचा कफलानी, लोहारी गढ़,दोक,पटरानी और रतनाली गाड के ग्रामीण वोट डालने को तैयार नहीं। चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मचारी मतदाताओ का इंतजार कर रहे हैं। वहीं थराली के देवराड़ा मतदान केंद्र पर भी अभी तक कोई मतदाता नहीं पहुंचा।
एक बजे तक 37.33% मतदान
उत्तराखंड में पांचों सीटों पर एक बजे तक 37.33% मतदान हुआ है। 12 से 13 स्थानों पर मतदान का बहिष्कार किया गया है। चकराता में सड़क न बनने से नाराज लोगों को चुनाव आयोग समझाने में जुटा है।

## संक्षिप्त खबरें

### रैपिडो और उत्तराखण्ड चुनाव आयोग की पहल मतदाताओं को प्रदान करेगी परिवहन सेवाएं: आम चुनाव 2024 के दौरान उत्तराखण्ड में मतदाताओं के लिए लाए मुफ्त ऑटो राईड्स

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
देश के लोकतांत्रिक ढांचे को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता के साथ भारत के प्रमुख कम्यूट ऐप रैपिडो ने राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य निभाते हुए ह्यसवारी जिम्मेदारी कीह्न पहल का लॉन्च किया है। उत्तराखण्ड राज्य चुनाव आयोग के सहयोग से रैपिडो भारतीय आम चुनाव 2024 के दौरान नागरिक भागीदारी में भूमिका निभाने जा रही है। अपनी इस ऐतिहासिक पहल के तहत रैपिडो 19 अप्रैल को उत्तराखण्ड के मुख्य शहरों जैसे देहरादून, हरिद्वार, रूड़की और ऋषिकेश में मतदाताओं को मुफ्त ऑटो राईड उपलब्ध कराएगी।
चुनाव के दिन मतदाता रैपिडो ऐप पर कोड ह्यवोटनाऊह्न का उपयोग कर मुफ्त राईड पा सकते हैं और अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग कर सकते हैं। नागरिकों के मतदान के अधिकार को बढ़ावा देना तथा चुनाव प्रक्रिया को अधिक समावेशी बनाना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है। ये प्रयास रैपिडो के राष्ट्रव्यापी अभियान के अनुरूप हैं, जिसके तहत 100 से अधिक शहरों में चुनाव के दिन मुफ्त राईड उपलब्ध कराने के लिए 10 लाख से अधिक कैप्टन्स को लगाया गया है।
उत्तराखण्ड राज्य चुनाव आयोग के साथ रैपिडो की साझेदारी ऐसा ब्राण्ड बनने की प्रतिबद्धता को दशार्ती है जो बेहतर समाज के निर्माण में सकारात्मक योगदान दे सके।

### हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के बोर्ड ने प्रेफेरेंशिएल इश्यू के द्वारा 4860 मिलियन रुपये जुटाने को मंजूरी दी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) कॉन्ट्रैक्टिंग सर्विसेज में अग्रणी हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (एचएमपीएल) (बीएसई: 532467) ने घोषणा की है कि उसके बोर्ड ने फुली कन्वर्टिबल वारंट्स के प्रेफेरेंशिएल इश्यू के 4860 मिलियन रुपये के फंड रेज को 300 रुपये प्रति वारंट के इश्यू प्राइस ( मेंबर्स की मजूरी के अधीन ) मंजूरी दी। प्रस्तावित आवंटियों में एफआईआई और नॉन-प्रमोटर ग्रुप के अन्य इन्वेस्टर्स शामिल हैं। बोर्ड ने ऑथराइज्ड शेयर कैपिटल में वृद्धि और एक धन जुटाने वाली कमेटी के गठन को भी मंजूरी दी। हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड भारत के तेजी से विकसित हो रहे इंफ्रास्ट्रक्चर लैंडस्केप में सबसे आगे है, जिसने स्ट्रेटिजिकली हाई-क्वॉलिटी और विश्वसनीय इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) कॉन्ट्रैक्टिंग सर्विसेज देने के लिए समर्पित एक व्यवसायिक क्षेत्र के विकास में कदम रखा है। राष्ट्र-निर्माण प्रक्रिया में बढ़ती मांग के जवाब में, हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (एचएमपीएल) तेजी से उद्योग में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरा है।
पिछले कुछ वर्षों में, हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (एचएमपीएल) ने ईपीसी (ईपीसी) और हाइब्रिड एन्युइटी मॉडल (एचएएम) एग्जीक्यूशन मेथड दोनों का उपयोग करते हुए, महाराष्ट्र स्टेट रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन (एमएसआरडीसी) के लिए लीडिंग प्रोजेक्ट्स को सफलतापूर्वक शुरू करके उल्लेखनीय माइलस्टोन हासिल किए हैं। विशेष रूप से, कोविड-19 महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद, 2019 में वाकन पाली राजमार्ग का सफल पूर्णता हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (एचएमपीएल) के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था। कंपनी ने प्रेस्टीजियस समृद्धि एक्सप्रेसवे के पैकेज 11 को अपनाकर और प्रोजेक्ट निष्पादन में उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए एनएच 48 हाईवे प्रोजेक्ट में योगदान देकर अपनी उपस्थिति को और मजबूत किया।
अब तक की यात्रा हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (एचएमपीएल) की सफल साझेदारी बनाने की क्षमता की विशेषता रही है, जो शुरू की गई परियोजनाओं की जीत के लिए आवश्यक है। टेक्निकल और कमर्शियल दोनों आस्पेक्ट्स में कुशल एक मजबूत मैनेजमेंट टीम ने कंपनी को लगातार विकास और सफलता की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (एचएमपीएल) की फाउंडेशन समय पर कार्यक्रम को पूरा करने, हाई-क्वॉलिटी स्टैंडर्ड को बनाए रखने और सुरक्षा को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता पर बनाई गई थी - ऐसे सिद्धांत जिन्होंने हर प्रयास को निर्देशित किया है।

# लोकसभा चुनावः उत्तराखंड में बढ़ा मत प्रतिशत, तीसरे राउंड तक 37.33 फीसदी मतदान, नैनीताल सबसे आगे




**जबरदस्त उत्साह**

**8 उत्तराखंड की पांच सीटों पर आज मतदान शुरू होने के साथ मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह दिखा**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए उत्तराखंड की पांच सीटों पर आज मतदान शुरू होने के साथ मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह दिखा। पूरे राज्य में दोपहर एक बजे तक 37.33 प्रतिशत मत पड़े हैं। इस बार मतदान प्रतिशत में बढ़त दिख रही है।
मतदान सूर्योदय के साथ सुबह सात बजे से प्रारंभ हुआ। सुबह कम लोग ही बूथों पर पहुंचे थे। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, वैसे-वैसे मतदान प्रतिशत भी बढ़ता रहा। इस बार पहले राउंड से ही बढ़त दिख रही है। सुबह नौ बजे मतदान प्रतिशत 10.54 था। 11 बजे तक मतदान प्रतिशत बढ़कर 24.83 हो गया। एक बजे तक तीसरे राउंड में 37.33 प्रतिशत मतदान हुआ। पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में तीसरे राउंड में 36.00 प्रतिशत मतदान हुआ था।
नैनीताल का वोट मीटर सबसे आगे
लोकसभा सीट की बात करें तो दोपहर एक बजे तक नैनीताल लोकसभा सीट पर 40.46 प्रतिशत, हरिद्वार लोकसभा सीट पर 39.41 प्रतिशत, अल्मोड़ा लोकसभा सीट पर 32.60 प्रतिशत, टिहरी लोकसभा सीट पर 35.29 प्रतिशत, पौड़ी गढ़वाल लोकसभा सीट पर 36.60 प्रतिशत मतदान हुआ है।
35 बैलेट, 40 कंट्रोल यूनिट और 70 बूथों पर वीवीपैट बदली
लोकसभा चुनाव सकुशल कराने को लेकर चुनाव आयोग सतर्क दृष्टि के साथ अलर्ट मोड पर है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि सभी जगह मतदान शांतिपूर्ण चल रहा है। मॉक पोल के दौरान 35 बैलेट यूनिट और 40 कंट्रोल यूनिट बदली गई। 70 बूथों पर वीवीपैट बदली गई है।

## लोकतंत्र के महापर्व में अपनी जिम्मेदारी निभाए : डॉ प्रणव पण्ड्या

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
सप्तऋषि चुंगी के निकट बने पोलिंग बूथ पर अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख डॉ. प्रणव पण्ड्या, व्यवस्थापक महेन्द्र शर्मा, डॉ. चिन्मय पण्ड्या, शैफाली पण्ड्या सहित समस्त शांतिकुंज परिवार ने लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने लोगों से राष्ट्रहित में मजबूत सरकार के लिए अपने निकटवर्ती मतदान केन्द्र पहुंचकर वोट करने का आह्वान भी किया।
डॉ पण्ड्या ने कहा कि सशक्त व समर्थ राष्ट्र के लिए हर किसी को समय निकालकर अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सात चरणों में होने वाले इस महापर्व का चुनाव देवभूमि उत्तराखंड से प्रारंभ हुआ है।

# मतदान के दौरान ईवीएम मशीन तोड़ने का प्रयास, आरोपित हिरासत में

**अफरा-तफरी**

**8 बताया गया कि ईवीएम मशीन को तोड़ने का प्रयास करने वाला बुजुर्ग है, जो कि मानसिक रूप से अस्वस्थ है।**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ज्वालापुर इंटर कॉलेज में बने मतदान केंद्र में एक व्यक्ति ने मुक्का मारकर ईवीएम मशीन तोड़ने का प्रयास किया। जिससे मतदान बूथ पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया है।



घटना ज्वालापुर इंटर कॉलेज के बूथ नंबर 124 पर हुई। बताया गया कि ईवीएम मशीन को तोड़ने का प्रयास करने वाला बुजुर्ग है, जो कि मानसिक रूप से अस्वस्थ है। फिलहाल पुलिस को अभी तक किसी तरह से कोई तहरीर नहीं दी गई है।
ज्वालापुर सीओ शांतनु पराशर ने बताया कि सूचना मिली कि किसी व्यक्ति ने ईवीएम मशीन तोड़ने का प्रयास किया गया। सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस ने व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। सीओ पराशर ने बताया कि सभी पोलिंग बूथों पर शांतिपूर्ण स्थति है। पोलिंग बूथ पर सुरक्षा बलों ने उसे हिरासत में ले लिया। व्यक्ति ईवीएम से मतदान प्रक्रिया पर नाराज था।

# मैदान से लेकर पहाड़ तक लोकतंत्र के उत्सव की उमंग

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
देश की 18वीं लोकसभा चुनाव के लिए उत्तराखंड में पांचों लोकसभा सीट टिहरी गढ़वाल, गढ़वाल, अल्मोड़ा, नैनीताल-उधमसिंह नगर और हरिद्वार पर मतदान को लेकर लोगों में उत्साह दिखा। कई बूथ केंद्रों पर लंबी लाइनें दिखीं। युवाओं में मतदान करने के बाद लोकतंत्र की सशक्त तस्वीर के साथ उंगली पर नीली लकीर दिखाते दिखे।
लाल जोड़े में सज-संवर कर मतदान केंद्र पहुंची नई नवेली दुल्हन ने भी विदाई से पहले मतदान किया
पौड़ी गढ़वाल जनपद के कोट ब्लाक अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय रणाकोट में लाल जोड़े में सज-संवर कर नई नवेली दुल्हन सोनाली अपने जीवनसाथी के साथ



बूथ पर पहुंची। नई नवेली दुल्हन सोनाली ने ससुराल विदा होने से पहले मतदान कर लोकतंत्र में भागीदारी की। मतदान के बाद नवदंपती के चेहरे पर अलग ही खुशी दिख रही थी।
नैनीताल जिले के लाल कुआं विधानसभा क्षेत्र के दैलिया मतदान केंद्र पर एक नई नवेली दुल्हन ने मतदान किया। दुल्हन गायत्री चंदोल ने बताया कि कल रात उसकी शादी हुई है और आज मतदान के दिन उसकी विदाई हो रही है, लेकिन विदाई से पहले अपना मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने का काम किया है।
मतदाताओं से की मतदान करने की अपील
मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने देहरादून के मसूरी विधानसभा स्थित फ्लावर डेल स्कूल में अपना मतदान किया। अपर मुख्य राज्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने अपनी पत्नी के साथ मतदान किया। जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिका ने भी मताधिकार का प्रयोग कर मतदाताओं से मतदान की अपील की।नई सरकार चुनने में साधु-संत भी रहे आगे, डोली में पहुंचे दिव्यांग
गंगोत्री धाम तपस्या में लीन 25 साधु-संतों ने भी मतदान कर लोकतंत्र में भागीदारी की। वहीं बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। उत्तरकाशी जिले के यमुनोत्री विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत तुल्याड़ा बूथ पर डोली में बैठकर दिव्यांग मतदाता विमल सिंह मतदान करने गए।

# लोकसभा चुनावः उत्तराखंड की सभी सीटों पर 11 बजे तक 24.83 प्रतिशत मतदान

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
18वीं लोकसभा के चुनाव के पहले चरण के लिए उत्तराखंड में सभी पांचों लोकसभा सीटों के लिए शुक्रवार सुबह सात से बजे मतदान शांतिपूर्ण शुरू हो गया। राज्य की पांच सीटों पर मतदान शुरू होने के साथ मतदाताओं में उत्साह दिखा और सुबह 11 बजे तक 24.83 प्रतिशत मतदान हुआ।
राज्य के पांचों लोकसभा सीटों पर 83 लाख 37 हजार 914 मतदाता भाजपा-कांग्रेस सहित कुल 55 उम्मीदवारों का किस्मत आज तय करेंगे। आयोग ने इस बार पिछली बार से मतदान बढ़ाकर 75 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है।
मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने कहा कि



निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सुबह 07 बजे से सायं 05 बजे तक मतदान चलेगा। उन्होंने लोकतंत्र के महापर्व में प्रदेश के सभी मतदाताओं से मतदान अवश्य करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह हम सबका कर्तव्य और दायित्व है कि अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतन्त्र में अपनी भागीदारी निभाएं।
उन्होंने बतायाकि राज्य के 11,723 मतदान केन्द्रों पर मतदान के लिए 55 हजार से ज्यादा कर्मचारी लगाए गए हैं। बनाए गए हैं। राज्य के 5,892 बूथों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था है। चुनाव आयोग और सभी जिलों के आरओ भी मतदान प्रक्रिया लाइव देख सकेंगे। मतदान के दौरान कई केंद्रों पर ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है।राज्य के गढ़वाल मंडल की टिहरी गढ़वाल, गढ़वाल, हरिद्वार और कुमाऊं मंडल की सुरक्षित अल्मोड़ा, नैनीताल-ऊधम सिंह नगर लोकसभा सीटों पर मतदान हो रहा है। हरिद्वार संसदीय सीट पर सबसे ज्यादा 14 उम्मीदवार हैं और टिहरी में 11,गढ़वाल 13, नैनीताल 10,अल्मोड़ा 07 सहित कुल 55 उम्मीदवार चुनाव मैदान में डटे हैं। देहरादून जिलाधिकारी सोनिक राजपुर रोड पर मतदान किया। इस दौरान वो मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया।
**सबसे अधिक मतदान हरिद्वार में**
उत्तराखंड राज्य में सुबह 11 बजे तक 10.54 प्रतिशत मतदान हुआ है। लोकसभा सीट की बात करें तो अल्मोड़ा में 22.21 प्रतिशत, पौड़ी 23.43 में 9.46 प्रतिशत, नैनीताल-उधमसिंह नगर में 26.46 प्रतिशत, हरिद्वार में 26.47 प्रतिशत, टिहरी गढ़वाल में 23.23 प्रतिशत मतदान हुआ है। सुबह सात से नौ बजे तक ज़िला देहरादून का वोट प्रतिशत 12.17 प्रतिशत रहा।
**35 बैलेट, 40 कंट्रोल यूनिट और 70 बूथों पर वीवीपैट बदली** लोकसभा चुनाव सकुशल कराने को लेकर चुनाव आयोग सतर्क दृष्टि के साथ अलर्ट मोड पर है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि सभी जगह मतदान शांतिपूर्ण चल रहा है। मॉक पोल के दौरान 35 बैलेट यूनिट और 40 कंट्रोल यूनिट बदली गई।

# तीन विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए शांतिपूर्वक चल रहा मतदान

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
टिहरी लोकसभा चुनाव के लिए उत्तरकाशी जिले की तीन विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव के लिए भी मतदान सुबह 7 बजे से शुरू हो गया है। मतदान को लेकर जिले में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं।
उत्तरकाशी जिले में सुबह 9 बजे तक 7.23 प्रतिशत, पुरोला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 9.12 प्रतिशत, यमुनोत्री विधानसभा क्षेत्र में 9.03 प्रतिशत और गंगोत्री विधानसभा क्षेत्र में 3.92 प्रतिशत मतदान हुआ। समुद्र तल से 3200 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गंगोत्री धाम में भी मतदान केन्द्र बनाया गया है। यह उत्तराखंड में सबसे ऊंचाई पर स्थित मतदान केन्द्र है और यहां पंजीकृत मतदाताओं में अधिकांश साधु-संत हैं। चुनाव की व्यवस्थाओं की निगरानी और निर्देशन के लिए जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट, मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिला निर्वाचन अधिकारी जयकिशन, एआरओ गंगोत्री बृजेश कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारी तड़के से ही जिला मुख्यालय पर स्थापित इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम में डेरा डाले हुए हैं।



# लोकसभा चुनाव : उत्तराखंड में पांच बजे तक 53.56 फीसदी मतदान, अभी बढ़ सकता है मत प्रतिशत

**वोटिंग**

**पांच बजे से पहले पोलिंग बूथ में प्रवेश कर चुके सभी वोटर्स को वोट करवाया जाएगा। इस कारण मतदान प्रतिशत बढ़ सकता है।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए वोटिंग का समय पूरा हो गया है। उत्तराखंड में शाम पांच बजे तक 53.56 फीसदी मतदान हुआ है। अभी भी वोटर्स लाइनों में लगे हैं। पांच बजे से पहले पोलिंग बूथ में प्रवेश कर चुके सभी वोटर्स को वोट करवाया जाएगा। इस कारण मतदान प्रतिशत अभी और बढ़ सकता है।
उत्तराखंड में अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ सीट पर पांच बजे तक 44.43 फीसदी, नैनीताल-उधमसिंह नगर सीट पर 59.36 फीसदी, पौड़ी गढ़वाल सीट पर 48.79 फीसदी, टिहरी सीट पर 51.01 फीसदी, हरिद्वार सीट पर 59.01 फीसदी मतदान हुआ है। इसमें सबसे अधिक नैनीताल सीट पर 59.36 फीसदी वोट पड़े हैं। सबसे कम वोट 44.43 फीसदी अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ सीट पर पड़े हैं।

## एसएसपी ने मतदान केंद्रों का लिया जायजा

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने तथा सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने रखने के उद्देश्य से मतदान केन्द्रों का जायजा लिया।
एसएसपी ने रा.उ.मा.वि. रानीबाग, नगर निगम इंटर कॉलेज काठगोदाम, रैन बसेरा स्थित नगर निगम इंटर कॉलेज काठगोदाम, खालसा इंटर कॉलेज सहित अन्य मतदान केन्द्रों में सुरक्षा में तैनात पुलिस बल का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने दिव्यांगजनों, बुजुर्गों की भी मदद करने के लिए पुलिस बल को प्रेरित किया।

## नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने परिवार के साथ किया मतदान

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने शुक्रवार को परिवार सहित राजकीय आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय, छडायल-सुयाल हरिपुर नायक में लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी देते हुए मतदान किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि आप सब भी आज बदलाव की इस मुहिम में अपना समर्थन कांग्रेस को देते हुए जन सेवा का अवसर दें। उनके साथ पूर्व विधायक संजीव आर्य व परिवार के अन्य लोग थे।

## कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने किया मतदान

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने नैनीताल के प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग कार्यालय तल्लीताल में मतदान किया। इसके बाद उन्होंने कुमाऊं मंडल के मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में वोट देने की अपील की।
उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान अवश्य करें और लोकसभा चुनाव में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को सुनिश्चित करें। उन्होंने पूरे कुमाऊं मंडल के अंतर्गत होने वाले मतदान पर कहा कि शांतिपूर्वक और निष्पक्षता के साथ चुनाव कराए जा रहे हैं। कुछ जगहों पर ईवीएम खराब होने की सूचना मिली, उन्हें जल्द ठीक करवाकर वोटिंग दोबारा से शुरू कराई गई है।

## राज्यपाल ने किया मतदान, बोले-मतदान सबसे बड़ा दान



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) और प्रथम महिला गुरमीत कौर ने शुक्रवार को पोलिंग बूथ शहीद मेख बहादुर गुरुंग कैंट कन्या इंटर कॉलेज, गढ़ी, पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस मौके पर राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा की लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक वोट अनमोल है और मतदान सबसे बड़ा दान है। उन्होंने कहा की सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। मतदान करना, अधिकार के साथ-साथ कर्तव्य भी है। मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र की सुदृढ़ता में अपना अमूल्य योगदान दें। इस दौरान राज्यपाल ने मतदान के लिए की गई तैयारियो की भी सराहना की।

## हरिद्वार लोकसभा में 5 बजे तक करीब 60 प्रतिशत मतदान

**लोकसभा चुनाव**

**लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण का मतदान शुक्रवार को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण का मतदान शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया। शाम 5 बजे तक हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र में लगभग 60 प्रतिशत मतदान हुआ है। अंतिम गणना तक मतदान में कुछ प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है।
शुक्रवार सुबह 7 बजे शुरू हुआ मतदान प्रारम्भ में धीमी गति से चला, लेकिन जैसे-जैसे घड़ी की सुई आगे बढ़ती गई मतदान में भी तेजी देखने को मिली। सुबह 9 बजे तक हरिद्वार जिले में मतदान का प्रतिशत 14 के आसपास रहा, लेकिन इसके बाद जैसे-जैसे लोग घरों से निकलने शुरू हुए तो मतदान ने भी अपनी रफ्तार पकड़ी। इसका नतीजा यह रहा कि अगले दो घंटों यानी 11 बजे तक मतदान 14 प्रतिशत से बढ़कर 34 प्रतिशत पर पहुंच गया। इसके बाद भी मतदान की रफ्तार थमी नहीं और दोपहर 1 बजे तक मतदान का प्रतिशत 40 तक पहुंच गया। इस बीच भोजनावकाश व गर्मी ने भी अपना रंग दिखाया और मतदान की रफ्तार एक बार फिर से सुस्त पड़ी। जिसके चलते अधिकांश मतदान केंद्रों के कई बूथों पर सन्नाटा पसरा रहा।
लंच के दो घंटे बाद जैसे ही घड़ी में 3 बजे तो मतदान ने एक बार पुनः रफ्तार पकड़ी और निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हुए आंकड़ों के मुताबिक 3 बजे तक वोट प्रतिशत उछलकर 52 प्रतिशत पर जा पहुंचा। इसके बाद शेष बचे मतदाताओं ने घर से बाहर निकलना शुरू किया और अपने-अपने बूथों पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर मतदान प्रतिशत को आगे बढ़ाया। घड़ी में जैसे ही 5 बजे मतदान केंद्रों के गेट बंद होने शुरू हो गए, लेकिन तब तक मतदान केंद्रों में काफी संख्या में मतदाता अपनी बारी के इंतजार में लाइन में खड़े थे। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक शाम 5 बजे तक कुल मतदान 59.01 प्रतिशत रहा। जिसके अंतिम गणना तक कुछ और बढ़ने की उम्मीद है।
हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र में 14 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। 5 बजे तक भगवानपुर विधानसभा क्षेत्र में 67.13 प्रतिशत, बीएचईल रानीपुर में 60.00 प्रतिशत, धर्मपुर में 50.80 प्रतिशत, डोईवाला में 57.20 प्रतिशत, हरिद्वार में 54.00 प्रतिशत, हरिद्वार ग्रामीण में 73.21 प्रतिशत, झबरेड़ा में 64.13 प्रतिशत, ज्वालापुर में 64.30 प्रतिशत, खानपुर में 58.60 प्रतिशत, लक्सर में 60.00 प्रतिशत, मंगलौर में 61.30 प्रतिशत, पीरान कलियर में 61.42 प्रतिशत, ऋषिकेश में 51.30 प्रतिशत, रुड़की में 51.30 प्रतिशत मतदान हुआ।

### कड़ी सुरक्षा में रवाना हुई ईवीएम मशीने

मतदान की समाप्ति पर पोलिंग बूथों पर रखी ईवीएम मशीनों को बेहद कड़ी निगरानी में सेक्टर मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में सील कर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिला कलेक्ट्रेट भेजी गईं, जहां बने स्ट्रांग रूम में सभी ईवीएम मशीनों को रखा गया।

### दिव्यांग व बुजुर्गों ने भी खूब किया मतदान

जागरूक मतदाता होने के नाते मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए दिव्यांग जनों व 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## बांगुर सीमेंट ने लॉन्च किया नया मल्टीमीडिया कैंपेन

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
बांगुर सीमेंट ने देश भर के नागरिकों को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए नए मल्टीमीडिया कैंपेन का अनावरण किया है। यह कैंपेन ह्वोट सोलिड, देश सोलिडह्न देश को सोलिड यानि मजबूत बनाने के लिए हर व्यक्ति के मतदान के महत्व पर रोशनी डालता है। यह कैंपेन आधुनिक है क्योंकि यह ब्राण्ड के पिछले बेहद लोकप्रिय कैंपेन का सीक्वल है, जिसे बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल के साथ फिल्माया गया था। यह कैंपेन ह्वोट सोलिड, देश सोलिडह्न का संदेश देता है। जिस तरह बांगुर सीमेंट सोलिड घर बनाने में मदद करता है।

## सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की मजबूती के लिए दिया वोटः बाबा रामदेव

**मतदान**

**ंविधान की रक्षा, राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए लोगों को वोट जरूर करना चाहिए।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
लोकसभा चुनाव में योगगुरु बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने शुक्रवार को कनखल के दादूबाग में बने पोलिंग बूथ पर अपना वोट डाला और सभी लोगों से मतदान करने की अपील भी की।
मतदान करने के बाद योगगुरु बाबा रामदेव ने पत्रकारों से कहा कि भारत को आर्थिक, शिक्षा, चिकित्सा और सांस्कृतिक गुलामी से मुक्ति दिलाने के लिए उन्होंने वोट दिया है। पांच लाख से ज्यादा वीर वीरांगनाओं की शहादत की वजह से हमें वोट करने का अधिकार मिला है। इसलिए संविधान की रक्षा, राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए लोगों को वोट जरूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्होंने सनातन संस्कृति के सरंक्षण, संवर्द्धन और भारतीय अस्मिता की मजबूती के लिए मत का प्रयोग किया है।
एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति शाश्वत है। जबकि सैकड़ों वर्षों में मुगल और अंग्रेज सनातन धर्म को समाप्त नहीं कर पाए तो कुछ मुट्ठी भर विधर्मी कैसे सनातन को समाप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महान यज्ञ में सभी को मत का प्रयोग करते हुए भारत को मजबूत बनाने का कार्य करना चाहिए। भाजपा के इस बार चार सौ पार के दावे पर उन्होंने कहा कि वे संन्यासी हैं और संन्यासी के लिए पक्ष और विपक्ष समान होता है। उन्होंने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की मजबूती के लिए अपना मत दिया है।

## हरिद्वार लोकसभा क्षेत्रः त्रिवेंद्र रावत व वीरेंद्र रावत ने किया मतदान



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार त्रिवेंद्र सिंह रावत ने डोईवाला और कांग्रेस उम्मीदवार वीरेंद्र रावत ने बीएसएम डिग्री कॉलेज रूड़की स्थित मतदान केंद्र पर शुक्रवार को मतदान किया।
भाजपा उम्मीदवार त्रिवेंद्र सिंह रावत ने डोईवाला में मतदान करने के बाद अपने संसदीय क्षेत्र में भ्रमण किया। विभिन्न बूथों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने लोगों से मतदान की अपील कर फिर से मोदी सरकार के लिए वोट करने का आग्रह किया।
हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार वीरेंद्र रावत ने बीएसएम डिग्री कॉलेज रूड़की स्थित मतदान केंद्र पर अपने मत का इस्तेमाल किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि देश में बदलाव की बयार है। राहुल गांधी के नेतृत्व में देश में परिवर्तन की लहर चल रही है। भाजपा इस बार सत्ता से बाहर होने जा रही है। केन्द्र में इण्डिया गठबंधन की बहुमत से सरकार बनने वाली है।

## नैनीताल में 11 बजे तक 23.85 फीसदी मतदान



**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों पर मतदान हो रहा है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हर कोई अपनी भागीदारी निभा रहा है। नैनीताल में भी लोग सुबह से लाइनों में लगे हुए हैं और मतदान कर रहे हैं।
नैनीताल जनपद की 6 विधानसभाओं में पूर्वाह्न 11 बजे तक 23.85 फीसदी मतदान रिकॉर्ड किया गया है। 11 बजे तक लालकुआं विधानसभा में 28.5 फीसदी, भीमताल में 21.2 फीसदी, नैनीताल में 20 फीसदी, हल्द्वानी में 24.3 फीसदी, कालाढुंगी में 23 फीसदी व रामनगर में 26.11 फीसदी मतदान हुआ। जनपद के बेतालघाट विकासखंड के ताड़ीखेत बूथ पर ग्रामीण महिलाएं घर के शादी-ब्याह जैसे शुभ आयोजनों में पहने जाने वाले पारंपरिक रंग्वाली पिछौड़ा जैसे वस्त्र पहनकर मतदान करने पहुंचीं। उधर लालकुआं विधानसभा के दैलिया मतदान केंद्र पर दूल्हा-दुल्हन भी मतदान करने के लिए पहुंचे। नैनीताल में उत्तराखंड उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश एवं पूर्व कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज तिवारी ने सूखाताल स्थित एशडेल इंटर कॉलेज के मतदान केंद्र में और कुमाऊं मंडल के आयुक्त दीपक रावत ने लोक निर्माण विभाग के कार्यालय में बने मतदान केंद्र में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य एवं नैनीताल के पूर्व विधायक संजीव आर्य ने परिवार सहित राजकीय आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय छड़ायल सुयाल हरिपुर नायक में और कांग्रेस के उम्मीदवार प्रकाश जोशी ने कालाढुंगी में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## दिव्यांगजनों के लिए बना आदर्श दिव्यांग बूथ

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
लोकसभा चुनाव में दिव्यांगजनों की अधिक से अधिक भागीदारी करने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग ने विशेष प्रयास किए हैं।
उत्तरी हरिद्वार स्थित अजरानंद अंध विद्यालय में समाज कल्याण विभाग ने 11 नंबर बूथ को आदर्श दिव्यांग बूथ के रूप में सजाया है, जहां दिव्यांग मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में मतदान के लिए प्रोत्साहित किया गया। आदर्श दिव्यांग बूथ पर आए दिव्यांगजनों व उनके साथ आए परिजनों ने विभाग की ओर से की गई इस व्यवस्था की प्रशंसा की।

## कुमाऊं विश्वविद्यालय ने 20 से 25 अप्रैल तक खोला अपना पोर्टल

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
कुमाऊं विश्वविद्यालय ने अपने परिसरों एवं महाविद्यालयों के स्नातक पाठ्यक्रम के तहत चौथे व छठे तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के चौथे, छठे, आठवें व दसवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए तथा एनईपी यानी नई शिक्षा नीति के अंतर्गत, स्नातकोत्तर व व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के द्वितीय सेमेस्टर के लिए समर्थ पोर्टल को 20 से 25 अप्रैल तक खोल दिया है।
कुमाऊं विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. महेंद्र राणा ने एनईपी के परीक्षार्थियों से परीक्षा फार्म में अपनी एबीसी आईडी स्पष्ट रूप से अंकित करने को कहा है, ताकि उनके द्वारा अर्जित क्रेडिटों को एबीसी अकाउंट-डिजी लॉकर में भी प्रविष्ट किया जा सके।




इसके अलावा कुमाऊं विवि के परिसरों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों से परीक्षा आवेदन पत्र व शुल्क के अतिरिक्त उपाधि शुल्क 500 रुपये भी 25 अप्रैल तक जमा करने को कहा है। साथ ही अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों से परीक्षा आवेदन पत्र की प्रविष्टियों को ठीक से जांचने को कहा है ताकि उपाधि में गलतियां न रहे।

### कुमाऊं विवि ने घोषित किए परीक्षा परिणाम

इसके अलावा कुमाऊं विवि ने शुक्रवार को परीक्षा सत्र 2023 में पंजीकृत विद्यार्थियों की एमएससी जंतु विज्ञान के तृतीय सेमेस्टर की मुख्य एवं बैक परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं।
विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. महेंद्र राणा की ओर से बताया गया है कि परीक्षा परिणाम विवि की आधिकारिक वेबसाइट केयूएनटीएल डॉट नेट पर लॉग इन करके अथवा अपने परिसर या महाविद्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

## उत्तराखंड की 'विशिष्ट' मतदाता ने उत्तरकाशी में डाला वोट, मात्र 64 सेमी है हाइट

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों पर सुबह से मतदान के लिए मतदाता जोर-शोर से उमड़ रहे हैं। हर कोई लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी निभा रहा है। कुछ विशिष्ट मतदाता भी इस महापर्व में अपनी भागीदारी कर ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। उत्तरकाशी में भी एक ऐसी ही विशिष्ट मतदाता ने अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग किया।
जिला मुख्यालय उत्तरकाशी स्थित संस्कृत महाविद्यालय उजेली पोलिंग बूथ पर विशिष्ट महिला मतदाता प्रियंका ने मतदान कर



लोकतंत्र में अपनी भागीदारी दी। 27 वर्षीय प्रियंका की ऊंचाई 64 से.मी. होने के कारण जिले की एक विशिष्ट मतदाता हैं। बूथ पर तैनात उत्तरकाशी पुलिस की महिला जवान ने प्रियंका का स्वागत एवं सम्मान किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के पर्व में आपकी भागीदारी बेहद गर्व की बात है, आप सभी के लिए प्रेरणा हो।
दुल्हन ने मायके से विदा होने से पहले किया मतदान
जिला मुख्यालय से पांच किलोमीटर पहले बसे बड़ेथी गांव में दुल्हन अनुराधा ने वोट देकर मायके से ससुराल के लिए विदा हुई।
इसी तरह पुरोला के गुन्दियांट गांव में सुखदेव गैरोला (पिंटू) नामक युवक बारात लेकर जा रहा था। भाजपा जिला अध्यक्ष सत्येंद्र राणा के सुझाव पर बारात रोक कर पहले मतदान किया। उसके बाद बारात लेकर दुल्हन लेने गया।

## खाई में गिरी कार, चिकित्सक की मौत, वोट देने जा रहे थे हल्द्वानी

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
भवाली अंतर्गत मुक्तेश्वर मार्ग पर गागर के पास शुक्रवार की दोपहर एक कार खाई में गिर गई। दुर्घटना में कार में सवार रामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सक डॉ. गौरव कांडपाल की मौत हो गई।
जानकारी के अनुसार डॉ. गौरव कांडपाल ड्यूटी के बाद मतदान करने के लिए रामगढ़ से अपने हल्द्वानी स्थित घर की ओर जा रहे थे।
रास्ते में शुक्रवार दोपहर को मुक्तेश्वर मार्ग पर गागर के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गयी।



चुनाव ड्यूटी में तैनात भवाली के थाना प्रभारी डीआर वर्मा ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बचाव अभियान चलाकर गंभीर घायल डॉ. गौरव कांडपाल को चिकित्सालय भिजवाया, जहां उनकी मौत हो गई।

## मंत्री धन सिंह रावत ने अपने पैतृक गांव पहुंचकर किया मतदान

**श्रीनगर/पौड़ी गढ़वाल/टीम एक्शन इंडिया**
कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने पौड़ी संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत खिर्सू ब्लॉक स्थित अपने पैतृक गांव नौगांव में मतदान किया। लोकतंत्र के इस महापर्व पर उन्होंने प्रदेश के मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की।
डॉ. धन सिंह रावत ने सुबह अपने पैतृक गांव नौगांव स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय, खिर्सू पोलिंग बूथ पर पहुंचकर मतदान किया। उनके साथ ही उनकी धर्मपत्नी डॉ.



दीपा रावत ने भी गांव के बूथ पर मतदान किया। इस अवसर पर मंत्री ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की। उन्होंने पहली बार वोट करने वाले युवाओं से अपील की कि वह मजबूत लोकतंत्र की आवाज बनने के लिए अवश्य मतदान करें। यह लोकतंत्र का उत्सव है और प्रत्येक मतदाता को वोट जरूर डालना चाहि। यह हमारी जिम्मेदारी भी है।

